अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ
ATAL BIHARI VAJPAYEE MEDICAL UNIVERSITY, U.P., LUCKNOW

संख्याः– 20899 /अ0बि0वा0चि0वि0/2026 दिनांकः– 12/11/2026

(अतिमहत्वपूर्ण)

समस्त प्रधानाचार्य/परीक्षा नियंत्रक,
समस्त नर्सिंग/मेडिकल/डेंटल/अलाइड एंड हेल्थकेयर कॉलेज।

विषय :– परीक्षा की सी0सी0टी0वी0 फुटेज ससमय न भेजने के संबंध मे।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संबंध मे आपको अत्यंत गंभीरता से सूचित किया जाता है कि हाल ही में संपन्न हुई कई परीक्षाओं की सी0सी0टी0वी0 फुटेज संस्था/कॉलेज द्वारा समयानुसार विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गई है। कतिपय संस्था/कॉलेज द्वारा इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अत्यधिक लापरवाही बरती गई है, जिसे विश्वविद्यालय प्रशासन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ संस्थानों द्वारा सी0सी0टी0वी0 फुटेज को अनयूज्ड कॉपियों, प्रैक्टिकल कॉपियों अथवा थ्योरी कॉपियों के बंडलों के साथ मिक्स करके भेजा जा रहा है। यह व्यवस्था पूरी तरह से अमान्य और अस्वीकार्य है।

अतः इस पत्र के माध्यम से संस्था/कॉलेज को अंतिम दिशानिर्देश दिये जा रहे है कि निम्नलिखित निर्देशों का कड़ाई से पालन करेः–

अंतिम लिखित परीक्षा समाप्त होने के उपरांत, प्रथम परीक्षा से लेकर अंतिम दिवस तक की सी0सी0टी0वी0 फुटेज (ऑडियो सहित) पेनड्राइव के माध्यम से , अगले कार्य दिवस में अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को प्रेषित कर दें जो कि नॉन एडिटेबल होना चाहिए और साथ ही परीक्षा परिणाम घोषित होने तक सी0सी0टी0वी0 फुटेज का बैकअप अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखे जाए।

यदि संबंधित कॉलेजों/संस्थान द्वारा समय पर सी0सी0टी0वी0 फुटेज (ऑडियो सहित) पेनड्राइव के माध्यम से उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो परीक्षा को निरस्त करते हुए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसका संपूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक उत्तरदायित्व संबंधित कॉलेज का होगा।

(डा0 देवाशीष शुक्ला)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलीपि :–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0।

(डा0 देवाशीष शुक्ला)
परीक्षा नियंत्रक